# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

Website :
E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in NAAC A++
www.ccsuniversity.ac.in

दिनांक : 28.09.2026

पत्रांकः–सम्बद्धता /२७४२/2026–27

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, परिसर
मेरठ

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान(जनपद–मेंरठ)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

विषयः– सेवायोजन कार्यालय , मेरठ एवं रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना, मेरठ संयुक्त प्रयास से हस्तिनापुर विधान सभा में रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना, मेरठ में दिनांक 29.09.2026 को समय–प्रातः 10:00 बजे एक दिवसीय वृहद पिंक रोजगार मेले के आयोजन के सम्बन्ध मे।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी, मेरठ के पत्र संख्या–723/वृहद स्तरीय रोजगार मेला/2026 दिनांक 26.09.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो कि सेवायोजन कार्यालय, मेरठ एवं रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना, मेरठ संयुक्त प्रयास से हस्तिनापुर विधान सभा में रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना, मेरठ में दिनांक 29.09.2026 को समय–प्रातः 10:00 बजे एक दिवसीय वृहद पिंक रोजगार मेले के आयोजन के सम्बन्ध मे। है जिसमें निजी क्षेत्र की 50–60 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा लगभग 2000–3000 बेरोजगार अभ्यर्थी चयन साक्षात्कार में प्रतिभाग करेगें।

अतः उक्त सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि आप अपने–अपने विभाग, महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उक्त मेले में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः–उपरोक्तनुसार।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ
03. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ मण्डल, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
04. प्राचार्य, रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।
05. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
06. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलसचिव

# कार्यालय – जिलाधिकारी, मेरठ

पत्रांकः 723 /वृहद स्तरीय रोजगार मेला/2026/ दिनांक 26 सितम्बर, 2026

## आदेश

निदेशक, सेवायोजन विभाग उ0प्र0, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में विधान सभावार रोजगार मेलों के अन्तर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मेरठ एवं रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना खुर्द, मेरठ के संयुक्त प्रयास से **हस्तिनापुर विधान सभा में रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना खुर्द, मेरठ में दिनांक 29.09.2026 समय प्रातः 10:00 बजे एक दिवसीय वृहद पिंक रोजगार मेले का आयोजन** किया जा रहा है, जिसमें निजी क्षेत्र की 50–60 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा तथा लगभग 2000–3000 बेरोजगार अभ्यर्थी चयन साक्षात्कार में प्रतिभाग करेंगे।

अतः रोजगार मेले के सफल आयोजन के दृष्टिगत प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु निम्नलिखित अधिकारियों की ड्यूटी उनके नाम के सम्मुख अंकित रोजगार मेले के कार्य हेतु लगाई जाती है:–

| क्रमांक | अधिकारी का नाम व पदनाम | संबंधित विभाग का रोजगार मेले में कार्य |
|---|---|---|
| 1 | पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण | रोजगार मेले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु। |
| 2 | नगर आयुक्त, मेरठ | रोजगार मेले में आने वाले बेरोजगार अभ्यर्थियों हेतु पेयजल की व्यवस्था कराना एवं स्वच्छता हेतु संबंधित को निर्देश जारी करना। |
| 3 | पुलिस अधीक्षक, यातायात, मेरठ | यातायात व्यवस्था को संचालित कराने हेतु। |
| 4 | संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिशिक्षु) मण्डल, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन मेरठ मण्डल, मेरठ। | मेरठ मण्डल के समस्त आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों तथा नियोजकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु। |
| 5 | प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मेरठ | मेरठ मण्डल के समस्त आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों तथा नियोजकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु। |
| 6 | प्रधानाचार्य, डी0एन0 पॉलीटेक्निक मेरठ। | मेरठ मण्डल के समस्त पॉलीटेक्निक संस्थानों के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षार्थियों तथा नियोजकों को रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु। |
| 7 | मुख्य चिकित्साधिकारी, मेरठ | यथावश्यक प्राथमिक चिकित्सा एवं अन्य व्यवस्था हेतु। |
| 8 | उपायुक्त, उद्योग, मेरठ। | मेले में में अधिक से अधिक स्थानीय कम्पनियों को प्रतिभाग कराना। |
| 9 | उपश्रमायुक्त, श्रम विभाग मेरठ। | मेले में में अधिक से अधिक स्थानीय कम्पनियों को प्रतिभाग कराना। |
| 10 | क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ | ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट एवं उच्च शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रतिभाग कराने हेतु। |
| 11 | जिला विद्यालय निरीक्षक, मेरठ | इण्टरमीडिएट स्तर के शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रतिभाग कराने हेतु। |

**ए0डी0एम (सिटी), मेरठ दिनांक 29.09.2026 को आयोजित किये जा रहे मेले के ओवर ऑल प्रभारी रहेंगें।**

Urgent
A.R. (Affiliation)
To issue a letter to all Colleges of Meerut District.
Arun 28/09/26
(Dr. Arun kumar)
Personal Assistant
Registrar Office

(डॉ वी0 के0 सिंह)
जिलाधिकारी,
मेरठ।

प्रतिलिपिः–

1– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से मेले की सुरक्षा हेतु संबंधित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2– मुख्य विकास अधिकारी, मेरठ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3– कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय से कि विश्वविद्यालय एवं अन्य संबंध महाविद्यालयों के शिक्षण/प्रशिक्षणरत छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में प्रतिभाग करायें।
4– सम्बन्धित अधिकारियों को अनुपालनार्थ।
5– सहायक निदेशक, सेवायोजन, मेरठ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर रोजगार मेले को सफल बनायें तथा रोजगार मेले की सम्पूर्ण व्यवस्था अपनी देखरेख में कराना सुनिश्चित करें।
6– प्राचार्या, रूद्रा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूसंस, मवाना खुर्द, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

(डॉ वी0 के0 सिंह)
जिलाधिकारी,
मेरठ।